भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*212
सोमवार, 31 जुलाई, 2017/9 श्रावण, 1939 (शक)

प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना

*212. श्री भर्तृहरि महताबः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के लक्ष्य तथा उद्देश्य क्या हैं तथा अब तक इसकी उपलब्धियां क्या रही हैं;
(ख) उक्त योजना के अंतर्गत इसके शुरुआत से देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले उद्योगों/प्रोत्साहित किए गए नियोक्ताओं की संख्या कितनी है तथा उद्योग/राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार लाभार्थियों की संख्या कितनी है;
(ग) उक्त योजना को क्रियान्वित करने हेतु सरकार द्वारा राज्यों को दी गई तथा उपयोग की गई निधियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) देश में रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए/बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य द्वारा "प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना" के संबंध में लोक सभा के दिनांक 31.07.2017 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *212 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (घ) श्रम और रोजगार मंत्रालय रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2016-17 से 1000 करोड़ रु. के बजट आवंटन से "प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना" लागू कर रहा है। इस योजना के तहत नियोक्ताओं को रोजगार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा जहां नए कर्मचारियों को दिए जाने वाले नियोक्ता के 8.33% ईपीएस अंशदान का भुगतान 3 वर्ष की अवधि के लिए सरकार करेगी। वस्त्र (परिधान और बने बनाए वस्त्र) क्षेत्र में, सरकार 8.33% के ईपीएस अंशदान का भुगतान करने के अतिरिक्त नियोक्ताओं के 3.67% ईपीएफ अंशदान का भी भुगतान करेगी। इस योजना के तहत लाभ 9 अगस्त, 2016 से उपलब्ध हैं और 5573 से अधिक प्रतिष्ठानों ने इनका लाभ उठाया है जिसमें 2.99 लाख से अधिक नए कर्मचारी शामिल हैं। यह योजना 14वें वित्त आयोग के अंतिम वर्ष तक अनुमोदित की गई है। राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र वार वितरण अनुबंध-I पर है।

पीएमआरपीवाई योजना कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के माध्यम से केंद्रीय रूप से कार्यान्वित की जा रही है और राज्यों के लिए कोई निधि निर्धारित/आबटित नहीं है।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने देश में रोजगार सृजन हेतु विभिन्न उपाय किए हैं - जैसे अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना, व्यापक निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को तीव्रता से निष्पादित करना और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना (एमजीनरेगा), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), तथा आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करना। की गई प्रगति निम्न तालिका में दी गई है:

क्र.स.	योजना /कार्यक्रम का नाम	2014-15	2015-16	2016-17
1	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम (एमजीनरेगा) सृजित मानव दिवस की संख्या (लाख में)	16628.59	23514.53	23576.46
2	प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) (सृजित रोजगार की अनुमानित संख्या)	357502	323362	407840
3	दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएयू-एनयूएलएम) सृजित रोजगार की संख्या	98564	92688	236324
4	पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) समायोजित उम्मीदवारों की संख्या	54196	134744	84900

सरकार ने रोजगार चाहने वालों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं रोजगारों को पोस्ट करने तथा रोजगार संबंधी अन्य सेवाएं प्रदान करने हेतु एक पोर्टल (www.ncs.gov.in) वाली राष्ट्रीय आजीविका सेवा का भी कार्यान्वयन किया है। पोर्टल पर 3.9 करोड़ रोजगार चाहने वाले और 14.87 लाख प्रतिष्ठान पंजीकृत है। 2016-17 के दौरान आजीविका केंद्रों के माध्यम से लगभग 540 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं।

******

अनुबंध-I

लोक सभा के दिनांक 31.07.2017 के तारांकित प्रश्न संख्या *212 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पीएमआरपीआई लाभार्थियों का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार वितरण

राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	लाभ उठाने वाले प्रतिष्ठानों की संख्या	शामिल किए गए लाभार्थियों की संख्या	उपयोग की गई राशि (रुपए में)
आंध्र प्रदेश	201	7827	7482921
अरुणाचल प्रदेश	1	13	2704
असम	3	13	14917
बिहार	55	849	737523
चंडीगढ़	6	214	272296
छत्तीसगढ़	102	2481	2804265
ददरा और नगर हवेली	11	1508	2278129
दमन और दीव	26	1469	1439869
दिल्ली	133	7648	7487598
गोवा	29	8625	474775
गुजरात	863	66507	59926196
हरियाणा	181	30438	36548012
हिमाचल प्रदेश	57	2482	2076795
झारखंड	26	624	615589
कर्नाटक	522	40760	41638768
केरल	337	11115	19400572
मध्य प्रदेश	69	7033	7273337
महाराष्ट्र	195	18352	19688031
मणिपुर	3	29	9583
ओडिशा	28	1259	437394
पुड्डुचेरी	4	53	35619
पंजाब	720	13023	13761634
राजस्थान	115	3544	2280397
सिक्किम	1	59	21042
तमिलनाडू	742	33230	48526587
तेलंगाना	84	2761	1943930
त्रिपुरा	2	94	79989
उत्तर प्रदेश	438	16828	19373042
उत्तराखंड	271	11499	11366734
पश्चिम बंगाल	175	9616	6907255
सर्व योग	5400	299953	314905503

स्रोत: 26.07.2017 को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की एमआईएस रिपोर्टें

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 61

सोमवार, 17 जुलाई, 2017/26 आषाढ़, 1939 (शक)

भविष्य निधि का प्रधानमंत्री ग्राम परिवहन योजना में विपथन

61. मोहम्मद फैज़ल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की प्रधानमंत्री ग्राम परिवहन योजना (पीएमजीवीवाई) कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के लिए संगठित क्षेत्र के श्रमिक भविष्य निधि पेंशन योजना के अंश को प्रेषित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में कोई अभ्यावेदन/निवेदन प्राप्त हुए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव मंत्रालय के पास विचाराधीन नहीं है।

(ख): प्रश्न के भाग (क) के उपर्युक्त उत्तर के दृष्टिगत, प्रश्न नहीं उठता।

(ग): इस संबंध में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के पास कोई अभ्यावेदन/निवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ): प्रश्न के भाग (ग) के उपर्युक्त उत्तर के दृष्टिगत, प्रश्न नहीं उठता।

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 68

सोमवार, 17 जुलाई 2017/ 26 आषाढ़, 1939 (शक)

श्रम-उन्मुख कार्यों के प्रोत्साहन हेतु योजनाएं

68. श्री ओम प्रकाश यादव:

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में श्रम-उन्मुख कार्यों को बढ़ावा देने हेतु किसी प्रोत्साहन योजना पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क) से(ग): श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा एक नई योजना "प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना" 1000 करोड़ रुपये के आबंटन के साथ रोजगार सृजन बढ़ावा देने के लिए उद्योग को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 2016-17 में आरंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत नियोक्ता को रोजगार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जहां सरकार नए कर्मचारियों के लिए बनी कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) में 8.33%नियोक्ता के अंशदान का भुगतान करेगी। वस्त्र (परिधान और बने बनाए) क्षेत्र में सरकार 8.33% ईपीएस अंशदान के भुगतान करने के अतिरिक्त नियोक्ता के 3.67% कर्मचारी भविष्य निधि अंशदान का भी भुगतान करेगी। सरकार ने वस्त्र क्षेत्र जो एक रोजगार सघन क्षेत्र है, के लिए 6000 करोड़ रुपये के बूस्टर पैकेज की घोषणा की है। सरकार ने ऑन लाइन पंजीकरण और नौकरी चाहने वालों के लिए नौकरियों की प्रविष्टि तथा अन्य रोजगार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु एक पोर्टल (www.ncs.gov.in) वाली राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) भी कार्यान्वित की है।

*****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-106

सोमवार, 17 जुलाई, 2017/26 आषाढ़, 1939 (शक)

आढ़तियों के अधीन मजदूरों के लिए भविष्य निधि

106. श्री मल्लिकार्जुन खड़गे

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) या अन्य राज्य एजेंसियों के लिए खाद्यान्न खरीदने वाले आढ़तियों (कमीशन एजेंटों) को कर्मचारी भविष्य निधि के तहत पंजीकरण कराकर खरीद के दौरान अनाज या माल को चढ़ाने/उतारने का काम करने वाले नैमित्तक मज़दूरों को भविष्य निधि का भुगतान करना होता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या उक्त मज़दूर आढ़तियों के अधीनस्थ कर्मचारी नहीं हैं बल्कि खरीद एजेंसियों के लिए काम करने वाले श्रमिक मात्र हैं;

(घ) यदि हां, तो इन्हें आढ़तियों द्वारा ईपीएफ भुगतान कराए जाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उक्त कार्यों में संलग्न नैमित्तक मज़दूरों द्वारा ईपीएफ में अंशदान करने के लिए राज़ी नहीं होने पर संबद्ध आढ़तियों को उन्हें ईपीएफ की संपूर्ण राशि का भुगतान/अंशदान करने के लिए बाध्य होना पड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क) और (ख): भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत व्याप्त प्रतिष्ठान है और इसके कार्यों में सीधे अथवा ठेकेदार द्वारा अथवा उसके माध्यम से नियोजित सभी कर्मचारी, उक्त अधिनियम के अंतर्गत बनाई गई योजनाओं के उपबंधों के अनुसार भविष्य निधि लाभों के पात्र हैं।

(ग) और (घ): उक्त अधिनियम की धारा 2(च) में यथा परिकल्पित 'कर्मचारी' की परिभाषा काफी व्यापक है जिसमें सभी प्रकार के कर्मचारी यथा नियमित, ठेका आधारित, नैमित्तिक, दैनिक मजदूर इत्यादि शामिल होते हैं। इस प्रकार, ऐसे नैमित्तिक श्रमिक ठेकेदारों/आढ़तियों के भी कर्मचारी होंगे। अत:, ठेकेदार, नियोक्ता होने के नाते ऐसे कर्मचारियों के संबंध में भविष्य निधि अंशदानों का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(ड.): कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम,1952 के पैरा 30 के अनुसार, पहले नियोक्ता ही अपना तथा कर्मचारियों के अंशदान का भुगतान करता है। कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम,1952 के पैरा 32 में नियोक्ता द्वारा दिए गए सदस्यों के हिस्से का अंशदान की वसूली सदस्य की मजदूरी से कटौती के रुप में की जाएगी।

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 130

सोमवार, 17 जुलाई 2017/26 आषाढ़ 1939 (शक)

अनिवार्य ईपीएफ अंशदान में कमी

130. श्री पी.आर. सुन्दरम:
श्री धनंजय महाडीक:
श्री सी.एन. जयदेवन:
डॉ. जे. जयवर्धन:
श्रीमती सुप्रिया सुले:
श्री मोहिते पाटिल विजयसिंह शंकरराव:
श्री राजीव सातव:
डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार कर्मचारियों और नियोजक का कर्मचारी भविष्य निधि में किए जाने वाले अंशदान को 12 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा इस पहल के क्या उद्देश्य हैं;

(ग) क्या कर्मचारी संघ, नियोजक संघ के प्रतिनिधियों और राज्य सरकारों ने उक्त प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) सरकार द्वारा ईपीएफओ के अंशदान को राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी अन्य बचत योजना के समान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारु दत्तात्रेय)

(क) से (ङ): कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतगर्त नियोक्तओं तथा कर्मचारियों द्वारा भुगतान किए जाने वाले अंशदान को अन्य बचत लिखतों यथा-राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, अंशदायी भविष्य निधि आदि के समकक्ष लाने के उद्देश्य से, अंशदान की दर को मौजूदा 12% से कम करके 10% करने के लिए केन्द्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी), कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की दिनांक 27.05.2017 को आयोजित 218वीं बैठक की कार्यसूची मद पर विचार-विमर्श किया गया था। सभी कर्मचारी तथा नियोक्ता प्रतिनिधि एवं राज्य सरकार के प्रतिनिधि अंशदान की दर को 12% से कम करके 10% करने के विरोध में थे।

*****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 171

सोमवार, 17 जुलाई 2017/ 26 आषाढ़, 1939 (शक)

ठेके पर काम कर रहे कामगारों को ईपीएफ कवरेज

171. डॉ.पी. वेणुगोपाल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ईपीएफ के केन्द्रीय न्यासी बोर्ड की उपसमिति ने नोट किया है कि ठेके पर काम कर रहे कामगारों का ईपीएफ कवरेज 89.25 लाख से बढ़कर 1.02 करोड़ हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में ठेके पर काम कर रहे कामगारों की एक बड़ी संख्या अभी भी पीएफ से जुड़े लाभों से वंचित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार के कई विभाग/संगठन ईपीएफ एवं एम. पी.अधिनियम, 1952 के क्षेत्र के तहत नहीं आते हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क): केन्द्रीय न्यासी बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की ठेका कामगारों संबंधी उप समिति ने दिनांक 18.01.2017 को आयोजित अपनी 5वीं बैठक में नोट किया कि ठेका कामगारों की कवरेज 7.11.2016 को 1.02 करोड़ की तुलना में 1.07 करोड़ थी।

(ख) से (घ): कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध (ईपीएफ एण्ड एमपी) अधिनियम, 1952 प्रतिष्ठानों की निम्नलिखित श्रेणियों पर लागू नहीं होता है:-

(i) केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अथवा नियंत्रणाधीन प्रतिष्ठान जिनके कर्मचारी ऐसे लाभों को शासित करने वाली केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा निर्मित किसी योजना अथवा नियम के अनुसार अंशदायी भविष्य निधि अथवा वृद्धावस्था पेंशन के लाभों के पात्र हैं।

(ii) किसी केन्द्रीय, प्रांतीय अथवा राज्य अधिनियम के अंतर्गत स्थापित प्रतिष्ठान जिनके कर्मचारी ऐसे लाभों को शासित करने वाले अधिनियम के अंतर्गत निर्मित किसी योजना अथवा नियम के अनुसार अंशदायी भविष्य निधि अथवा वृद्धावस्था पेंशन के लाभों के पात्र हैं।

तथापि, ईपीएफ एण्ड एमपी अधिनियम, 1952 के अंतर्गत शामिल ठेकेदारों के माध्यम से, सरकारी विभागों/संगठनों में नियोजित ठेका कर्मचारियों को अधिनियम के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करायी जाती है।

देश में सभी पात्र कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों का विस्तार करने के उद्देश्य से, ईपीएफओ द्वारा 01.01.2017 से 30.06.2017 की अवधि के दौरान कर्मचारी नांमाकन अभियान, 2017 चलाया गया था।

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 181

सोमवार, 17 जुलाई 2017 / 26 आषाढ़ 1939 (शक)

पीएमएवाई हेतु ईपीएफ सदस्यों को राज सहायता

181. श्री दुष्यंत चौटाला:

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का विचार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सस्ते आवास खरीदने के लिए अपने सदस्यों को ऋण आधारित राजसहायता देने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ईपीएफओ ने इस संबंध में हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एचयूडीसीओ) के साथ समझौता भी किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस प्रयोजन हेतु आकलित वित्तीय निहितार्थ क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारु दत्तात्रेय)

(क): सरकार ने आवासीय मकान या फ्लैट की खरीद अथवा आवासीय मकान के निर्माण हेतु निधि से आहरण के लिए कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 में पैरा 68खघ आरम्भ किया है। सदस्य मकान की खरीद के लिए वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण को चुकाने के लिए समीकृत मासिक किस्त (ईएमआई) का भी लाभ उठा सकते हैं।

कर्मचारी भविष्य निधि के पात्र सदस्य प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सस्ते मकान की खरीद के लिए जमा सहबद्ध आर्थिक सहायता का लाभ उठा सकते हैं जो आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड (हुडको) सहित इसकी नोडल एजेंसियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है।

(ख) और (ग): जी हां। समझौता ज्ञापन की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:-

i) हुडको एवं केंद्रीय न्यासी बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जमा सहबद्ध आर्थिक सहायता स्कीम के लाभों तथा कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के आवास संबंधी प्रावधानों के संबंध में भविष्य निधि के सदस्यों को संयुक्त रुप से सूचना प्रसारित करेंगे।

ii) हुडको आवासीय इकाई/ फ्लैट खरीदने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पात्र सदस्यों को आवास ऋण उपलब्ध कराएगा ।

iii) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भविष्य निधि के सदस्यों के बीच जागरुकता फैलाएगा।

iv) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भविष्य निधि के सदस्य कर्जदारों के सभी संगत विवरण भविष्य निधि के सदस्यों के अनुरोध पर हुडको को उपलब्ध कराएगा।

v) भविष्य निधि का सदस्य ईएमआई के भुगतानों की राशि का मासिक आहरण करने के लिए आयुक्त को प्राधिकृत कर सकता है।

वित्तीय विवक्षा कर्मचारी भविष्य निधि के सदस्यों द्वारा स्कीमों के अंतर्गत लाभ उठाने के लिए दिए गए आवेदनों पर निर्भर करेगी।

*****

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT

LOK SABHA

UNSTARRED QUESTION NO. 1162
TO BE ANSWERED ON 24.07.2017

PF WITHDRAWAL FOR MEDICAL CASES

1162. SHRI PONGULETI SRINIVASA REDDY:

Will the Minister of LABOUR AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether the Government has permitted/proposes to permit the employees to withdraw provident fund savings to pay hospital/medical bills in case of serious illness; and
(b) if so, the details along with its implementation status thereof?

ANSWER

MINISTER OF STATE (IC) FOR LABOUR AND EMPLOYMENT
(SHRI BANDARU DATTATREYA)

(a) & (b): The facility for non-refundable advance from Provident Fund (PF) in case of illness in certain cases already exists under paragraph 68J of Employees' Provident Funds (EPF) Scheme, 1952.

****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1209

सोमवार, 24 जुलाई, 2017/2 श्रावण, 1939 (शक)

निष्क्रिय ईपीएफ खाते

1209. श्री दुष्यंत चौटाला:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 44,000 करोड़ रुपये की कायिक निधि वाले 10 करोड़ ईपीएफ खाते निष्क्रिय हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का निष्क्रिय खातों पर ब्याज प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का लंबे समय से निष्क्रिय पड़े ईपीएफ खातों की कायिक निधि का विपथन करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क): सरकार ने दिनांक 11.11.2016 की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 1065 (अ) द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना, 1952 का पैरा 72(6) संशोधित कर दिया है जिसमें किसी भविष्य निधि (पीएफ) खाते के निष्क्रिय खाता होने की शर्तों में परिवर्तन किया गया है। निष्क्रिय खाते की संशोधित परिभाषा (11.11.2016 से लागू) के अनुसार, कोई खाता 58 वर्ष की आयु के पश्चात्, अर्थात 55 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु के 36 माह के पश्चात् निष्क्रिय हो जाता है। उपर्युक्त परिभाषा के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप, निष्क्रिय खातों तथा उनमें जमा राशि के विवरण का पता फिलहाल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा नहीं लगाया गया है चूंकि बहुत से कर्मचारियों की जन्मतिथि फिलहाल ईपीएफओ के डाटाबेस में उपलब्ध नहीं है।

(ख): जी नहीं। कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के पैरा 60(6) के अनुसार, ईपीएफ योजना, 1952 के पैरा 72(6) के अंतर्गत किसी खाते के निष्क्रिय होने की तारीख से उस सदस्य के खातों में ब्याज जमा नहीं किया जाएगा। तथापि, संशोधित परिभाषा के अनुसार, किसी खाते को सदस्य के 58 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात ही निष्क्रिय खाते के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। अत:, किसी सदस्य के खाते में ब्याज 58 वर्ष की आयु तक जमा किया जाएगा।

(ग): फिलहाल, कर्मचारी भविष्य निधि खातों की कायिक निधि का विपथन करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1219

सोमवार, 24 जुलाई, 2017/2 श्रावण, 1939 (शक)

चाय कामगार

1219. श्री सिराजुद्दीन अज़मल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में कुल कितने चाय कामगार हैं;

(ख) देशभर के संगठित क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र के चाय कामगारों के लिए राज्य और केन्द्रीय स्तर की विभिन्न बीमा योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ऐसे कामगारों के लिए कोई विशिष्ट योजना तैयार की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश के चाय कामगारों के कल्याण के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क): वर्तमान में देश में चाय बागान कामगारों की कुल संख्या 1131942 (726247 स्थायी और 405695 अस्थायी कामगार) है।

(ख): चाय बोर्ड द्वारा कार्यान्वयन के अंतर्गत छोटे चाय बागानों में कामगारों के लिए कोई विशेष बीमा योजना नहीं है। तथापि, छोटे चाय उत्पादकों के कामगारों के लाभ के लिए एक सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना को चाय बोर्ड द्वारा लागू किया जा रहा है। प्रति कामगार 72/- रु. के कुल प्रीमियम में से, 3.50 रु. के मामूली प्रीमियम का अंशदान कामगार द्वारा दिया जाता है और शेष राशि 68.50 रु. का योगदान चाय बोर्ड द्वारा वहन किया जाता है। इसके अलावा, असम के चाय कामगारों को असम चाय बागान भविष्य निधि और पेंशन निधि और निक्षेप सहबद्ध बीमा योजना अधिनियम, 1955 के अंतर्गत अधिनियम के दायरे में शामिल किया गया है। अन्य राज्यों में संगठित क्षेत्र के चाय कामगारों को कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा योजना, 1976 के तहत कवर किया गया है।

(ग) और (घ): मौसम और कीमतों के दो जोखिमों जिनसे आय/वहनीयता में कमी होती है उससे 10,000 हेक्टेयर तक के छोटे चाय उत्पादकों की रक्षा करने के उद्देश्य से और आय स्थिर करने के लिए, सरकार ने बागान फसल (आरआईएसपीसी) के लिए तीन राज्यों के तीन चयनित जिलों अर्थात गोलघाट (असम), जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) और नीलगिरी (तमिलनाडु) में 2016-17 और 2017-18 से शुरू होने वाले दो वर्षों के लिए प्रायोगिक आधार पर एक राजस्व बीमा योजना के कार्यान्वयन की मंजूरी दे दी है।

(ङ): बागान श्रम अधिनियम, 1951 चाय सम्पदाओं को चाय कामगारों के लिए आवास, चिकित्सा और प्राथमिक शिक्षा, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता आदि बुनियादी कल्याण सेवाएं और सुविधाएं प्रदान किए जाने का अधिदेश देता है। इसके अलावा, चाय उद्योग के कामगारों को सभी सामाजिक सुरक्षा विधानों में जैसे कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923, उपदान संदाय अधिनियम, 1972, कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952, बोनस संदाय अधिनियम, 1965, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961, मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936, समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976, असम चाय बागान भविष्य निधि और पेंशन निधि और निक्षेप सहबद्ध बीमा निधि योजना अधिनियम, 1955 - केवल असम के लिए कवर किया गया है ।

इसके अलावा, चाय बोर्ड के माध्यम से सरकार चाय बागान कामगारों और चाय सम्पदाओं में उनके आश्रितों के लिए विभिन्न कल्याण गतिविधियों को लागू करती है। मानव संसाधन विकास (एचआरडी) योजना के अंतर्गत चाय बोर्ड द्वारा की गई कल्याणकारी गतिविधियों का उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार, श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा और उत्पादकों / श्रमिकों के लिए कौशल को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है।

*****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1238

सोमवार, 24 जुलाई, 2017/2 श्रावण, 1939 (शक)

ईटीएफ में ईपीएफओ निवेश

1238. श्री ए. टी. नाना पाटील:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ईपीएफओ का विचार एक्सचेंज ट्रेडड फंड्स (ईटीएफ) में निवेश सीमा को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इक्विटी लिंकड निवेशों के भाग को बढ़ाने से पूर्व लाभ को अधिकतम करने हेतु ईटीएफ, प्रतिभूतियों और राज्य ऋणों में निवेश परिसमापन हेतु निर्गम नीति के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क) और (ख): कर्मचारी भविष्य निधि के केंद्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा दिनांक 27.05.2017 को आयोजित अपनी 218वीं बैठक में एक्सचेंज ट्रेडड फंड्स (ईटीएफ) में निवेश की सीमा को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है।

(ग): ईटीएफ में निवेशों का लेखांकन करने संबंधी नीति दिनांक 27.05.2017 को आयोजित 218वीं बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि के केंद्रीय न्यासी बोर्ड के समक्ष रखी गई थी और इस संबंध में केंद्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा कोई अंतिम सिफारिश नहीं की गई है।

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1260

सोमवार, 24 जुलाई 2017/ 2 श्रावण, 1939 (शक)

न्यासियों हेतु लगातार नियुक्ति संबंधी सीमा

1260. डॉ. के. गोपाल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय मजदूर संघ सहित केन्द्रीय व्यापार संघ सेवानिवृत्ति न्यासियों हेतु लगातार दो नियुक्तियों संबंधी सीमा के निर्णय का विरोध कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क) और (ख): सरकार ने दिनांक 24.01.2017 की अधिसूचना द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के पैरा 5(4) में यह प्रावधान करते हुए संशोधन किया है कि एक आउटगोइंग गैर-सरकारी न्यासी या सदस्य अधिकतम दो से अनधिक कार्यकालों के लिए केन्द्रीय न्यासी बोर्ड(सीबीटी), कर्मचारी भविष्य निधि(ईपीएफ) या क्षेत्रीय समिति, जैसा भी मामला हो, के सदस्य के रूप में पुन:नियुक्ति का पात्र होगा। इस निर्णय का विरोध करते हुए केन्द्रीय मजदूर संघों से अभिवेदन प्राप्त हुए हैं। वर्तमान में, इसकी समीक्षा करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1269
सोमवार, 24 जुलाई, 2017/2 श्रावण, 1939 (शक)

प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना

1269. श्री रविन्दर कुशवाहाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) को विस्तारित किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी कार्यान्वयन स्थिति क्या है;
(ग) क्या सरकार ने पीएमआरपीवाई संबंधी कोई प्रगति रिपोर्ट तैयार की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार इसे निकट भविष्य में तैयार करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क) से (ङ) श्रम और रोजगार मंत्रालय वर्ष 2016-17 से 1000 करोड़ रु. के बजट आवंटन से रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग को प्रोत्साहित करने हेतु "प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना" लागू कर रहा है। इस योजना के तहत नियोक्ताओं को रोजगार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा जहां नए कर्मचारियों को दिए जाने वाले नियोक्ता के 8.33% ईपीएस अंशदान का भुगतान 3 वर्ष की अवधि के लिए सरकार करेगी। वस्त्र (परिधान और बने बनाए वस्त्र) क्षेत्र में सरकार 8.33% के ईपीएस अंशदान का भुगतान करने के अतिरिक्त नियोक्ताओं के 3.67% ईपीएफ अंशदान का भी भुगतान करेगी। इस योजना के तहत लाभ 9 अगस्त, 2016 से उपलब्ध हैं और 5227 से अधिक प्रतिष्ठानों ने इनका लाभ लिया है जिसमें 2.72 लाख से अधिक नए कर्मचारी शामिल हैं। यह योजना 14वें वित्त आयोग के अंतिम वर्ष तक अनुमोदित की गई है।

****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1294

सोमवार, 24 जुलाई 2017/ 2 श्रावण, 1939 (शक)

समान कार्य के लिए समान वेतन

1294. श्री कंवर सिंह तंवर:

श्री हरि मांझी:

श्री इन्नोसेन्ट:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उच्चतम न्यायालय ने यह विनिर्णय दिया है कि समान कार्य के लिए समान वेतन को लागू किया जाना चाहिए तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उच्चतम न्यायालय के विनिर्णय में यह भी दोहराया गया है कि किसी भी कल्याणकारी राज्य में नियमित तथा नैमित्तिक कामगारों के वेतन में कोई विसंगति नहीं होनी चाहिए यदि वे दोनों कार्यों की प्रकृति समान हो तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ठेका कामगारों को उनके नियोजक द्वारा समान कार्य के लिए समान वेतन से वंचित किया जा रहा है एवं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने समुचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया है/करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में नैमित्तिक/ठेका कामगारों सहित कामगारों के कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा हेतु अन्य क्या उपाय किए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क) और (ख): 2013 की सिविल अपील संख्या 213 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचारार्थ मुद्दा निम्नानुसार था:

"क्या अस्थायी रूप से नियुक्त कर्मचारी (दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, तदर्थ कर्मचारी, नैमितिक आधार पर नियुक्त कर्मचारी, ठेका कर्मचारी तथा इनके जैसे अन्य कर्मचारी) स्वीकृत पदों पर नियमित आधार पर नियुक्त कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य के समान कार्य करने

पर मंहगाई भत्ते (समय-समय पर यथा संशोधित) सहित न्यूनतम नियमित वेतन मान के पात्र हैं। ”

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि:

“इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता, कि ‘समान कार्य के लिए समान वेतन’ का सिद्धान्त सभी संबधित अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होगा, ताकि उन्हें समान पदों वाले नियमित रूप से नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन मान के समतुल्य वेतन का दावा करने का अधिकार दिया जा सके।”

(ग) और (घ): जहां तक ठेका श्रमिकों का संबंध है, ठेका श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधिनियम, 1970 तथा इसके अंतर्गत निर्मित नियम ठेका श्रमिकों के नियोजन को विनियमित करते हैं। ठेका श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) केन्द्रीय नियम, 1971 का नियम 25(2)(V)(क) निम्नलिखितानुसार समानता की व्यवस्था करता है:

“उन मामलों में जहां ठेकेदार द्वारा नियोजित कर्मकार प्रतिष्ठान के प्रधान नियोक्ता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियोजित कर्मकारों के समान या समान प्रकृति का कार्य करते हैं तो ठेकेदार के कर्मकारों की मजदूरी की दरें, अवकाश, कार्य के घंटे और सेवा की अन्य शर्तें वही होंगी जो एक ही या समान प्रकृति का काम करने वाले प्रतिष्ठान के प्रधान नियोक्ता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियोजित कर्मकारों के लिए लागू हैं।”

ठेका श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधिनियम, 1970 का प्रवर्तन करने के लिए एक सुव्यवस्थित केन्द्रीय औद्योगिक संबंध तंत्र(सीआईआरएम) स्थापित है। मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय) के नियंत्रणाधीन उप मुख्य श्रमायुक्तों (केन्द्रीय) और क्षेत्रीय श्रमायुक्तों (केन्द्रीय) के देश-व्यापी नेटवर्क को उक्त अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार ठेका श्रमिकों’ की शिकायतें/दावे निपटाने का अधिदेश है ।

(ङ): संगठित क्षेत्र में कामगारों को सामाजिक सुरक्षा लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 तथा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 अधिनियमित किए हैं।

असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए सरकार ने असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 का अधिनियमन किया है जिसमें (i) जीवन और अपंगता छत्र, (ii) स्वास्थ्य और प्रसूति लाभ, (iii) वृद्धावस्था संरक्षण तथा (iv) केन्द्रीय सरकार द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के माध्यम से निर्धारित किए जाने वाले अन्य किसी लाभ से संबंधित मामलों पर असंगठित कामगारों के लिए समुचित कल्याण योजनाओं का निर्माण उपबंधित है। असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा छत्र प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई विभिन्न स्कीमें उपर्युक्त अधिनियम की अनुसूची-I में सूचीबद्धानुसार हैं।

केन्द्र सरकार ने विशेष रूप से असंगठित कामगारों को लक्षित करते हुए सभी नागरिकों को व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भी आरंभ की हैं।

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1307

सोमवार, 24 जुलाई, 2017/2 श्रावण, 1939 (शक)

निजी ठेकेदारों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा

1307. डॉ. किरीट सोमैया:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद तथा बेंगलुरु विमानपत्तन पर विभिन्न निजी ठेकेदारों के कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा सुविधओं का लाभ नहीं मिलता और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि विमानपत्तन संचालक विभिन्न प्रकार के कार्य यथा सुरक्षा सेवा, परिवहन संचालन, हाउसकीपिंग, यातायात प्रबंधन निजी क्षेत्र को आउटसोर्स करते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन ठेकेदारों द्वारा नियोजित नैमित्तिक एवं ठेका कामगारों को दिशा-निर्देशानुसार पीएफ, ईएसआईसी तथा अन्य सुविधएं नहीं मिलतीं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और श्रम आयुक्त, पी. एफ. आयुक्त तथा विमानपत्तन विनियामकों द्वारा उक्त विमानपत्तनों पर एहतियात तथा आंतरिक जांच के लिए क्या प्रणाली बनाई गई है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारु दत्तात्रेय)

(क): सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु विमानपत्तन पर विभिन्न निजी ठेकेदारों के कर्मचारियों को विस्तारित की जाती हैं और जब भी कोई शिकायत प्राप्त होती है तो समुचित कानूनी कार्रवाई की जाती है।

(ख): जी हां, विमानपत्तन संचालकों ने विभिन्न निजी ठेकेदारों को विभिन्न प्रकार के कार्य यथा सुरक्षा सेवा, परिवहन संचालन, हाउसकीपिंग और यातायात प्रबंधन को आउटसोर्स किया हैं।

(ग) और (घ): इन विमानपत्तनों पर पीएफ और ईएसआईसी सुविधाएं ठेका कर्मचारियों को विस्तारित की जाती हैं। केंद्रीय औद्योगिक सम्बन्ध तंत्र (सीआईआरएम) के अधिकारी विभिन्न श्रम कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु इन विमानपत्तनों पर शिकायत आधारित निरिक्षणों सहित नियमित निरिक्षण करते हैं।

******

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1350

सोमवार, 24 जुलाई, 2017 / 2 श्रावण, 1939 (शक)

आईटी और लघु उद्योगों में श्रमिकों का कल्याण

1350. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार आईटी स्टार्ट अप और लघु पैमाने के उद्योगों में श्रमिक कल्याण कानूनों के प्रावधान शुरू करने का है ताकि इन क्षेत्रों में कार्य कर रहे कामगारों की सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित हो सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) देश में आईटी कंपनियों, स्टार्ट अप और लघु पैमाने के उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार कामगारों और पेंशनरों की सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए ईपीएफओ में लंबित पड़ी दावा रहित राशि का भी उपयोग करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारु दत्तात्रेय)

(क) और (ख): आईटी स्टार्टअप तथा लघु उद्योगों के कामगार अपनी पात्रता के आधार पर असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 के अंतर्गत कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, 1948 तथा सामाजिक सुरक्षा स्कीमों के प्रावधानों का लाभ उठा सकते हैं।

केन्द्र सरकार ने सभी नागरिकों विशेषकर असंगठित कामगारों को लक्षित करते हुए उनको व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भी चलाए है। देश में आईटी कंपनियों, स्टार्टअप तथा लघु उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों का ब्यौरा केन्द्रीकृत रूप से नहीं रखा जाता है।

(ग): देश में आईटी कंपनियों, स्टार्टअप तथा लघु उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा केन्द्रीकृत रूप से नहीं रखा जाता।

(घ) और (ड.): इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

*****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2319

सोमवार, 31 जुलाई 2017/ 9 श्रावण, 1939 (शक)

कोयला खान भविष्य निधि संगठन और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का विलय

2319. श्री ए. टी. नाना. पाटील:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार कोयला खान भविष्य निधि संगठन और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के विलयन का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा कोयला खान भविष्य निधि संगठन के लाभार्थियों और पेंशनभोगियों के हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठाया गया है जिनको विलयन के पश्चात कम पेंशन मिलने की संभावना है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क) और (ख): सरकार ने कोयला खान भविष्य निधि संगठन का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के साथ विलय करने का कोई निर्णय नहीं लिया है।

(ग): प्रश्न के भाग (क) और (ख) के उपर्युक्त उत्तर के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

*****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2339

सोमवार, 31 जुलाई 2017/ 9 श्रावण, 1939 (शक)

बीड़ी कामगारों को भविष्य निधि

2339. श्री अशोक महादेवराव नेते:

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने बीड़ी कामगारों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त हो रहे हैं;

(ख) श्रम कानूनों के अंतर्गत कामगारों को सभी लाभ उपलब्ध कराने को सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा स्थापित किए गए तंत्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को ईपीएफओ अधिकारियों द्वारा कामगारों के कथित शोषण की जानकारी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कामगारों के शोषण को रोकने हेतु क्या सुधरात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)

(क): कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में 39,25,053 बीड़ी कामगार सदस्य खाते हैं जिनमें से मार्च, 2017 के मजदूरी माह के लिए 14,73,413 अंशदायी सदस्य खाते हैं। बीड़ी कामगारों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा दर्शाने वाला एक विवरण **अनुबंध** पर है।

(ख) कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत कवर किए गए कामगारों के हितों का संरक्षण करने के लिए चूककर्ता प्रतिष्ठानों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के विवरण निम्न प्रकार से हैं:

(i) प्रतिष्ठानों द्वारा होने वाली चूक को कम करने के लिए एक वास्तविक समय चूक प्रबंधन प्रणाली क्रियान्वित की गई है।

(ii) अधिनियम की धारा 7क के अंतर्गत चूककर्ता प्रतिष्ठानों के विरुद्ध देयों के आकलन के लिए कार्रवाई।

(iii) बकाया राशियों के विलंबित जमा कराने के लिए हर्जाना लगाने हेतु अधिनियम की धारा 14ख के अंतर्गत कार्रवाई।

(iv) विलंब से प्रेषित किए गए धन पर ब्याज लगाने के लिए अधिनियम की धारा 7थ के अंतर्गत कार्रवाई।

(v) अधिनियम की धारा 8ख से 8छ के अंतर्गत यथा उपबंधित वसूली की कार्रवाई।

(vi) सक्षम न्यायालय के समक्ष चूककर्ताओं के विरुद्ध अभियोजन दायर करने के लिए अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत कार्रवाई।

(vii) कर्मचारियों की मजदूरी/वेतन से कटौती किए गए लेकिन निधि में जमा न किए गए कर्मचारियों के अंशदान के शेयर की गैर-अदायगी के लिए नियोक्ता के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 406/409 के अंतर्गत कार्रवाई।

(ग) और (घ): ईपीएफओ के कर्मचारियों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच ईपीएफओ के सतर्कता विभाग से संबंधित कर्मचारियों द्वारा की जाती है । कामगारों की सुविधा के लिए ईपीएफओ द्वारा प्रणाली सुधार हेतु निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

(i) अलग से शिकायतों के ऑनलाइन अनुपालन संबंधी पोर्टल की शुरूआत की गई है।

(ii) ऑन लाइन शिकायत पंजीकरण के लिए सीपी ग्राम्स तथा ईपीएफआईजीएमएस ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टलों की व्यवस्था।

(iii) नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से ईपीएफओ कर्मचारियों के साथ कम से कम संपर्क हेतु उन्नत एवं विश्वसनीय सेवा।

(iv) आधार से सत्यापित एवं केवाईसी अद्यतन वाले सदस्य जिनके पास यूएएन संख्या है उनके दावों का ऑनलाइन निपटान।

(v) सदस्य खातों का वास्तविक समय मासिक अद्यतनीकरण।

(vi) मृत्यु संबंधी दावों का निपटान 7 दिनों के भीतर करने के लिए समयावधि कम करना।

(vii) सेवानिवृत्ति की तिथि को भविष्य निधि दावों का निपटान।

(viii) माह की पहली तिथि को मासिक पेंशन भुगतान जमा करना।

(ix) सभी देयों का भुगतान केवल नेफ्ट के माध्यम से किया जाना।

* *******

अनुबंध

बीड़ी कामगारों को भविष्य निधि से संबंधित श्री अशोक महादेवराव नेते द्वारा पूछे गए दिनांक 31.07.2017 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2339 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण

क्रम संख्या.	राज्य का नाम	बीड़ी सदस्यों के खातों की संख्या	अप्रैल, 2017 में अंशदायी बीड़ी सदस्यों की संख्या
1	उत्तराखण्ड	97	25
2	त्रिपुरा	380	216
3	असम	1,485	364
4	आंध्र प्रदेश	8,827	1,908
5	गुजरात	14,617	172
6	छत्तीसगढ़	18,150	5,055
7	उत्तर प्रदेश	18,332	4,066
8	राजस्थान	24,524	5,086
9	बिहार	34,964	19,754
10	सिक्किम	52,692	28,711
11	झारखण्ड	68,972	17,676
12	केरल	71,297	27,012
13	ओडिसा	1,57,254	51,033
14	महाराष्ट्र	1,90,099	63,273
15	मध्य प्रदेश	2,09,190	43,645
16	कर्नाटक	6,39,070	1,62,887
17	तमिलनाडु	7,06,171	1,63,675
18	पश्चिम बंगाल	7,97,784	4,13,242
19	तेलंगाना	9,11,148	4,65,613
	महायोग	**39,25,053**	**14,73,413**

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2361

सोमवार, 31 जुलाई, 2017/9 श्रावण, 1939 (शक)

भविष्य निधि अंशदान में कमी

2361. श्री दिव्येन्दु अधिकारी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार कर्मचारी के पीएफ अंशदान को मौजूदा 12 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार कर्मचारी के खाते से 14 प्रतिशत अंशदान जुटाने का भी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में कामगारों के अधिकारों और हितों को सुरक्षित और संरक्षित करने हेतु सरकार द्वारा क्या तंत्र स्थापित किया गया है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारु दत्तात्रेय)

(क): कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत नियोजक और कर्मचारी द्वारा अदा किए जाने वाले अंशदान को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, अंशदायी भविष्य निधि आदि जैसे अन्य बचत दस्तावेजों के समान लाने के दृष्टिगत, अंशदान की दर को वर्तमान 12 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिए जाने हेतु कार्यसूची मद पर केन्द्रीय न्यासी बोर्ड(सीबीटी), कर्मचारी भविष्य निधि की 27.05.2017 को आयोजित अपनी 218वीं बैठक में विचार-विमर्श किया गया। सभी कर्मचारी और नियोजक प्रतिनिधि तथा राज्य सरकार के प्रतिनिधि अंशदान की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिए जाने के खिलाफ थे।

जारी/-----

(ख): जी, नहीं।

(ग): उक्त अधिनियम के अंतर्गत व्याप्त कामगारों के हितों की रक्षा करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन(ईपीएफओ) द्वारा चूककर्ता प्रतिष्ठानों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का विवरण निम्नानुसार है:

(i) प्रतिष्ठानों द्वारा धन प्रेषण में किए जाने वाली चूक में कमी लाने के लिए वास्तविक समय चूक प्रबंधन प्रणाली कार्यान्वित की गई है।

(ii) देयों के निर्धारण हेतु कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 7क के अंतर्गत चूककर्ता प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई।

(iii) देयों को विलम्ब से जमा कराने के लिए हर्जाना लगाने हेतु अधिनियम की धारा 14ख के अंतर्गत कार्रवाई।

(iv) विलंब से भेजे गए धन के लिए ब्याज लगाने हेतु अधिनियम की धारा 7थ के अंतर्गत कार्रवाई।

(v) अधिनियम की धारा 8ख से 8छ तक के अंतर्गत यथा उपबंधित वसूली की कार्रवाईयाँ।

(vi) सक्षम न्यायालय के समक्ष चूककर्ताओं के विरुद्ध अभियोजन दायर करने के लिए अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत कार्रवाई।

(vii) कर्मचारियों की मजदूरी/वेतन से कटौती किए गए लेकिन निधि में जमा न कराए गए कर्मचारियों के अंशदान के शेयर की गैर-अदायगी के लिए नियोक्ता के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 406/409 के अंतर्गत कार्रवाई।

****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2365

सोमवार, 31 जुलाई, 2017/9 श्रावण, 1939 (शक)

ईपीएफओ का बैंकों के साथ समझौता

2365. श्री प्रताप सिम्हा:

कुमारी शोभा कारान्दलाजे:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ईपीएफओ ने तत्कालीन एकल बैंकिंग प्रणाली के स्थान पर कर्मचारियों से ईपीएफ बकाया और लाभार्थियों के साथ-साथ एक से अधिक बैंकों को भुगतान के संबंध में कोई करार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ईपीएफओ 12 लाख करोड़ रुपयों के कोष के साथ एक अधिकतम सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला संगठन है और क्या इसकी सदस्यता 4.5 करोड़ है और 20 करोड़ खातों को सेवा प्रदान करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि ईपीएफओ ने अधिनियम के अंतर्गत कवर किए गए प्रतिष्ठानों से लगभग पचहत्तर हजार करोड़ रुपए वार्षिक रूप से जमा किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ट्रेड-यूनियनों ने गैर-संगठित क्षेत्रों के कामगारों जो कि देश की कुल श्रम शक्ति का 90 प्रतिशत है हेतु सेवानिवृत्ति योजनाओं की मांग की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) क्या सरकार ने श्रम कल्याण पहल और विकसित होती आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक परिस्थितियों के संदर्भ में प्रस्तावित नई पहल की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री बंडारु दत्तात्रेय)

(क): जी, हां। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने ईपीएफओ के देयों का एकत्रण करने और ईपीएफओ के लाभार्थियों को भविष्य निधि आहरणों, पेंशन और बीमे के भुगतान करने के लिए दस बैंकों के साथ टाई-अप/प्रबन्ध करार किया है। ये बैंक भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, इलाहाबाद बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिन्द्रा बैंक हैं।

जारी/----

बहु-बैंकिंग प्रबन्ध का मुख्य उद्देश्य नियोजकों को कर्मचारी भविष्य निधि अंशदान सीधे अपने बैंक खातों से भेजने के और अधिक विकल्प उपलब्ध कराना है। इससे न केवल वे किफायती बनेंगे बल्कि नेट बैंकिंग के माध्यम से निधियों का वास्तविक समय पर अंतरण भी सुनिश्चित होगा।

(ख): 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार, ईपीएफओ के पास 3.76 करोड़ की अंशदाता सदस्यता और 17.44 करोड़ वार्षिक खातों के साथ 10,43,581.47 करोड़ रुपये का कोष है।

